# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)-MMGSY-277/2016 – 3625 /पटना, दिनांक– 15.5.17

प्रेषक,

संजय कुमार, भा०प्र०से०
अपर सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

विषय : मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय उप मुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास–उप शीर्ष–0113 (सामान्य), अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–लघुशीर्ष–789–उप शीर्ष–0104 एवं जनजातीय क्षेत्र उप योजना–लधुशीर्ष–796–उप शीर्ष–0109 के अन्तर्गत प्रत्येक योजना के निर्माण कार्य हेतु सूची के स्तम्भ–9 में अंकित राशि का पथवार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष **2016–17** (अनुसूचित जाति) के लिए कार्य प्रमंडल, **त्रिवेणीगंज** के अधीन **कुल बीस (20)** योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ–9 में अंकित राशि का पथवार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

Chart- A

| Sl No. | Division | Block | Category | Name of Road | Priority no of core network | Length (In km) | Total Population Served | Administrative Approval Amount ( In Lakhs) | Cost per Km |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Triveniganj | Chhatapur | SC | Madhopur Market to West North SHW Birpur Road via Uddhampur Sima | 52 | 1.645 | 1000 | 114.970 | 69.891 |
| 2 | Triveniganj | Chhatapur | SC | Pratapganj Laljee Chowk PMGSY Road to via Md. Mustak House Uddhampur PMGSY Road | 43 | 2.305 | 1200 | 160.870 | 69.792 |
| 3 | Triveniganj | Chhatapur | SC | SH Bus Stand Paschim Bakho Tola & Paswan Tola Hote Huye Genda Nadi Evam Mirchaiya Nadi Par Karte Huye Harripatti SH Tak | 33 | 4.770 | 1500 | 320.040 | 67.094 |
| 4 | Triveniganj | Chhatapur | SC | Sursar River Paswan Tola to 74 RD Bairiya Hote Huye Rajeshwari East Sima | 46 | 5.630 | 1182 | 333.820 | 59.293 |
| 5 | Triveniganj | Chhatapur | SC | MMGSY Road Kaliasthan to Mandal Mallah Hote Huye MMGSY Road Near House Asarfi Asthan | 86 | 1.585 | 537 | 95.940 | 60.530 |
| 6 | Triveniganj | Chhatapur | SC | East of SHW Kalam Dealer House to Anand Chowk | 72 | 1.500 | 700 | 104.690 | 69.793 |
| 7 | Triveniganj | Chhatapur | SC | MMGSY Road to Udaykant Yadav ke Ghar Hote Hue Panchayat Bhawan Tak | 76 | 0.995 | 655 | 68.640 | 68.985 |
| | | | Total | | | 18.430 | 6774 | 1198.970 | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Nadi SH Sadak Ward No-3 to Madhya Vidyalay Hote Huye Pandit Tola | 168 | 1.085 | 400 | 74.650 | 68.802 |
| 9 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Pakki sadak Pattarghat to Pakki Sadak Malhanma | 151 | 2.465 | 492 | 157.270 | 63.801 |
| 10 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Mahadalit tola Prastabit Road no-1 to Parwah Tola Hote Huye Panchyat Bhawan Tak | 16 | 2.005 | 1000 | 125.100 | 62.394 |
| 11 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Pakki sadak Karmaiknia madhya Vidyalay to Upbitarni Nahar Pull tak | 206 | 1.380 | 260 | 85.730 | 62.123 |
| 12 | Triveniganj | Triveniganj | SC | PMGSY Road Rishidev Tola to Dhunia Tola | 169 | 1.700 | 400 | 116.320 | 68.424 |
| 13 | Triveniganj | Triveniganj | SC | SH Sadak Panchyat Bhawan to Ram Tola Hote Huye Mehta Tola Tak | 12 | 2.345 | 1500 | 142.230 | 60.652 |
| 14 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Datwa World Bank Road Chuchuria Pull Ke Nikat Dakshin Disha Hote Huye Champanagar Sardar Tola | 11 | 1.880 | 2200 | 130.380 | 69.351 |
| 15 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Pakki sadak Shivnagar Uttar Purab Mukhiya Tola to Tiuaaha Sadak | 35 | 0.905 | 990 | 63.160 | 69.790 |
| 16 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Pakki Sadak Yogiyaahi to Satyanarayan Sardar Ke Ghar Tak | 102 | 1.100 | 670 | 66.386 | 60.351 |
| 17 | Triveniganj | Triveniganj | SC | Reo Road Tamkulha Pahari Tola More To Rishidev Tola Tamkulha | 129 | 0.780 | 524 | 46.735 | 59.917 |
| | | | **Total** | | | **15.645** | **8436** | **1007.961** | |
| 18 | Triveniganj | Pipra | SC | NH-106 House of Ramkisun mandal brahaman Tola Hote Huye Basha Panchyat Sima | 5 | 0.810 | 2150 | 50.600 | 62.469 |
| 19 | Triveniganj | Pipra | SC | Maheshpur Panchyat Ke Jibachpur PMGSY Road Paswan Gamhariya Upsakha to Chhatupatti Baghhala Ghat Pakki Road | 40 | 2.510 | 670 | 171.760 | 68.430 |
| 20 | Triveniganj | Pipra | SC | Devipatti Bairiya PWD Road Ke Chimni to Brahaman Tola | 16 | 1.800 | 1090 | 104.410 | 58.006 |
| | | | **Total** | | | **5.120** | **3910** | **326.770** | |

2. विभागीय सचिव द्वारा दिनांक **27.04.2017** को निम्न शर्तों के साथ इन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है:—

(क) इस योजना को दो वित्तीय वर्ष, अर्थात वर्ष **2017—18** एवं वर्ष **2018—19** में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

(ख) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, **त्रिवेणीगंज** योजनाओं के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) स्वीकृत योजना की प्रविष्टि State Core Network के मानचित्र पर भी कर लिया जायेगा।

(घ) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, **त्रिवेणीगंज** सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

3. कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, **त्रिवेणीगंज** योजनाओं के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।
4. कार्य ई–निविदा के माध्यम से Standard Bidding Document के आधार पर कराया जायेगा।
5. कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी। किये गये कार्यों का भुगतान गुणवत्ता के जाँच फल के गुण–दोष के आधार पर किया जायेगा।
6. कार्यों का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना की मार्गदर्शिका के आलोक में किया जायेगा।
7. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।
8. योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद् की संभाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
9. योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय उप मुख्य शीर्ष–00–लधु शीर्ष–103–ग्राम विकास–उप शीर्ष–0113 (सामान्य), अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–लधुशीर्ष–789–उप शीर्ष–0104 एवं जनजातीय क्षेत्र उप योजना–लधुशीर्ष–796–उप शीर्ष–0109 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।
10. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **त्रिवेणीगंज** द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच ता0 तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।
11. इस योजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार विभागीय सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दिनांक–**27.04.2017** को संचिका संख्या BRRDA(HQ)-MMGSY-**277/2016** के पृष्ठ–**23**/टि0 पर प्राप्त है।
12. इस योजना मद् में व्यय 2016–17 में बजटीय उपबंध से किया जायेगा, जिसकी निकासी कर PL खाता में रखा जा चुका है।
13. बिहार कोषागार संहिता में निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत ही राशि की निकासी की जाय।
14. यह राशि उसी मद से खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद से नहीं।
15. प्राक्कलन कि विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।
16. योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण (नियमित अन्तराल पर) अनिवार्य रूप से किया जाय तथा प्रतिवेदन अभिलेखबद्ध किया जाय।
17. वित्त विभाग की संकल्प संख्या एम–4–53/2007–2199 वि0, दिनांक–24.03.2017 में निहित निदेशो का अक्षरशः पालन किया जाय तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जाय।
18. यह आदेश वित्त विभाग की संकल्प संख्या एम–4–53/2007–2199 वि0, दिनांक 24.03.2017 की कंडिका–4 (क) में निहित प्रावधान के आलोक में एवं संचिका संख्या BRRDA(HQ)-MMGSY-**277/2016** के पृष्ठ–**23**/टि0 पर दिनांक–**27.04.2017** को विभागीय सचिव के आदेशानुसार प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति तथा आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा

है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– BRRDA(HQ)-MMGSY-**277/2016** पृष्ठ संख्या–....25....... / टि0 पर दिनांक ..5.5.17.......को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः BRRDA(HQ)-MMGSY-**277/2016** -3625 / पटना, दिनांक– 15.5.17

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग / वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा) / आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रमण्डलीय आयुक्त, **कोशी (सहरसा)** / जिला पदाधिकारी, **सुपौल** / उप विकास आयुक्त, **सुपौल** / अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना / अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग / मुख्य अभियंता–**2**, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना / मुख्य अभियंता–4 / अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, **मधेपुरा** / कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **त्रिवेणीगंज** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभााग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव